हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 22 जुलाई 2026

11 मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान योजना 3093...



12 रूठा मानसून अब मेहरबान, आखिर बरसी राहत की...



AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
Approved by : AICTE & PCI, New Delhi
पॉलिटेक्निक करें नौकरी पाएं
B.PHARM (4 YEARS) D.PHARM (2 YEARS) 2 YEARS COURSE
ADMISSION OPEN
For Session 2026-27
Eligibility : 10+2 Pass (Medical & Non-Medical) सीटें सीमित
पता : AIT Pharmacy College गाहड़ा रोड, कनीना Mob. : 9992696300, 9466464921

॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय ॥
MR DEGREE COLLEGE
Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur (Rewari)
GET UPTO 100% SCHOLARSHIP
COURSE AVAILABLE
B.SC. (Medical) | B.SC. (Non-Medical)
B.A. | B.COM | M.SC. (Phy. & Chem.)
B.Ed. | JBT D-PHARMA
ADMISSION OPEN
Session 2026-27
For Admission Visit College Campus
Bus Facility Available From All Routes
MITTERPURA (M/GARH) HRY.
9466886066, 9416903367, 9416903021
mrcollegemitterpura@gmail.com

## खबर संक्षेप



नारनौल। बंद लाइटों के कारण अंधेरे में डूबी चितवन वाटिका। फोटो : हरिभूमि

### चितवन वाटिका की बंद लाइटों पर भड़के युवा

**नारनौल।** चितवन वाटिका में लंबे समय से बंद पड़ी लाइटों को लेकर युवाओं का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आया। पूर्व चेतावनी के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर युवाओं ने नगर परिषद कार्यालय के बाहर कार्यकारी अधिकारी (ईओ) का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही चितवन वाटिका की लाइटें चालू नहीं कराई गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। युवा नेता प्रभास छक्कड़ एवं युवा प्रतिनिधि राहुल वर्मा ने बताया कि करीब दस दिन पहले उन्होंने नप के कार्यकारी अधिकारी से मिलकर चितवन वाटिका में खराब पड़ी लाइटों को ठीक कराने की मांग की थी।

### आज सिहमा में बनेगा दाल-बाटी चूरमे का प्रसाद

**मंडी अटेली।** सिहमा स्थित जाहरवीर गोगा मंदिर में 22 जुलाई 11वें भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। भगत संदीप यादव ने बताया कि आज सुबह हवन यज्ञ के उपरांत दाल-बाटी चूरमे का विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस भंडारे में श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## प्राचार्य के समर्थन में आई अधिकारी एसोसिएशन, डीसी व डीईओ को सौंपा ज्ञापन

# सोनम वांगचुक के समर्थन में नारेबाजी प्राचार्य के निलंबित पर उठे सवाल

- *यहां पेंच फंसा :* न स्कूल के अंदर और न ही स्कूल टाइम में छात्राओं ने किया प्रदर्शन, फिर भी प्राचार्य को किया निलंबित
- जांच समिति ने स्कूल स्टाफ की भूमिका से किया इनकार, निलंबन के बाद डीईओ कार्यालय देंगे प्राचार्य हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

कनीना मंडी में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय है। इस स्कूल की छात्राएं 17 जुलाई की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। इस वीडियो में छात्राएं सोनम वांगचुक के समर्थन और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करती दिखाई दे रही है। वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आए शिक्षा विभाग व प्रशासन ने जांच शुरू की तो स्कूल स्टाफ की भूमिका नजर नहीं आई। फिर भी प्राचार्य नरेश कुमार को निलंबित कर दिया गया और उन्हें डीईओ कार्यालय में हाजिरी देने के आदेश जारी किए गए। अब सवाल उठता है कि वीडियो स्कूल के अंदर की नहीं, स्कूल टाइम की नहीं, फिर प्राचार्य निलंबित करने के पीछे ओर क्या कारण हो सकते है। वहीं, मंगलवार को निलंबित किए गए प्राचार्य के पक्ष में अधिकारी एसोसिएशन खड़ी दिखाई दी। उन्होंने प्राचार्य का पूरा पक्ष रखते हुए डीईओ व डीसी से मुलाकात की और मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा।

बताया जा रहा है कि 17 जुलाई को विद्यालय की 10 से 12 छात्राओं ने पोस्टर लेकर नारेबाजी की। इसकी वीडियो भी बनी और सोशल मीडिया पर वायरल भी हुई। मामला प्रशासन तक पहुंचा तो उपायुक्त ने डीईओ से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी। इसके बाद चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। इस जांच समिति ने छात्राओं, उनके अभिभावकों, प्राचार्य एवं स्कूल स्टाफ के बयान दर्ज किए।

जांच रिपोर्ट के अनुसार छात्राएं सोशल मीडिया और इंटरनेट पर चल रहे सोनम वांगचुक के आंदोलन से प्रभावित थीं। छात्राओं ने जांच समिति को बताया है कि उन्हें लगा था कि यदि वे पहले से इसकी जानकारी देंगी तो अभिभावक व स्कूल प्रशासन इसकी अनुमति नहीं देंगे। इसी कारण उन्होंने स्कूल की छुट्टी होन के बाद स्कूल से कुछ दूरी पर जाकर यह प्रदर्शन किया था।

रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि छात्राओं ने खुद ही दोनों पोस्टर तैयार किए थे। इस पूरे मामले की जानकारी स्कूल स्टाफ को नहीं थी। बताया यह भी जा रहा है कि जांच समिति को छात्राओं को उकसाने या सहयोग करने बारे किसी भी स्कूल स्टाफ सदस्य का कोई प्रमाण नहीं मिला है।







नारनौल। कनीना में वायरल वीडियो में नारेबाजी करती छात्राएं व उपायुक्त से मिलते अधिकारी एसोसिएशन। फोटो : हरिभूमि

### छात्रा ने प्रार्थना सभा में पूछा था प्रश्न

इस विषय में प्राचार्य नरेश कुमार ने अपने स्पष्टीकरण में बताया है कि प्रार्थना सभा के दौरान एक छात्रा ने सोनम वांगचुक के बारे में प्रश्न पूछा था। जिस पर उन्होंने सामान्य जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहने और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह तक दी थी।

### क्या कहते हैं डीईओ

इस संबंध में डीईओ विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग ने 19 जुलाई को हरियाणा सिविल सेवा (दंड एवं अपील) नियमावली-2016 के तहत प्राचार्य नरेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नारनौल निर्धारित किया गया है। निलंबन आदेश में कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि निलंबित होने के बाद अभी इस मामले में जांच चलेगी। अभी इस मामले में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा।

### अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई से अधिकारी सुरक्षित नहीं

अधिकारी एसोसिएशन की ओर से सीएम के नाम डीईओ और उपायुक्त को मंगलवार ज्ञापन सौंपा है। एसोसिएशन के प्रधान बीरसिंह यादव ने बताया कि प्राचार्य नरेश कुमार उत्कृष्ट प्रशासनिक कौशल, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं छात्र हितैषी कार्यशैली के लिए पूरे जिले में जाने जाते है। विभागीय जांच के दौरान भी संबंधित स्टाफ सदस्यों द्वारा प्राचार्य की किसी प्रकार की प्रत्यक्ष भूमिका से स्पष्ट रूप से इनकार किया गया है। ऐसी स्थिति में प्राचार्य को निलंबित किया जाना न्याय के सिद्धांतों की भावना के अनुरूप प्रतीत नहीं होता है। ऐसे अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई से अधिकारी सुरक्षित नहीं है, जो शिक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्य संस्कृति दोनों के लिए चिंताजनक है। ऐसे में मामले में समस्त तथ्यों एवं परिस्थितयों पर सहानुभूतिपूर्वक एवं निष्पक्ष विचार करते हुए प्राचार्य नरेश कुमार को निलंबन आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए ताकि स्कूल का शैक्षणिक वातावरण सामान्य हो सके और शिक्षा व्यवस्था में कार्यरत अधिकारियों का मनोबल एवं विश्वास बना रहे। इस मौके पर हसला प्रधान अरविंद यादव माजरा भी मौजूद रहे।

# रघुनाथपुरा बस स्टैंड पर मिली लापता किशोरों की साइकिल

- राजस्थान के गांव पाथड़ोली से सोमवार शाम को हुए थे लापता
- दुकानदार और उसकी मां पर परेशान करने का आरोप



दिक्षित



दिव्यांशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

राजस्थान-हरियाणा सीमा से सटे क्षेत्र में सोमवार शाम से लापता दो किशोरों की साइकिल मंगलवार रात नारनौल के निकट रघुनाथपुरा गांव के बस स्टैंड पर लावारिस हालत में मिलने से मामले ने नया मोड़ ले लिया है। साइकिल मिलने के बाद परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। दोनों किशोर सोमवार शाम राजस्थान के झुंझुनूं जिले के पाथड़ोली गांव से एक ही साइकिल पर निकले थे। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पचेरी थाना पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार 20 जुलाई की शाम करीब साढ़े छह बजे 16 वर्षीय दिव्यांश और 16 वर्षीय दिक्षित घर से बाहर निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश की। इसके बाद बच्चों की माताओं ने पचेरी थाना पहुंचकर लिखित शिकायत देकर उनकी सकुशल बरामदगी की मांग की।

दिव्यांश के पिता राकेश कुमार ने बताया कि दोनों किशोर एक ही साइकिल पर घर से निकले थे। देर रात करीब साढ़े नौ बजे उनकी साइकिल नारनौल से सटे रघुनाथपुरा गांव के बस स्टैंड पर खड़ी मिली। यह इलाका पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण परिजनों की चिंता और बढ़ गई। साइकिल मिलने की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद आसपास के क्षेत्र में भी तलाश अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि दिव्यांश गांव के सरकारी स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र है, जबकि दिक्षित हरियाणा के खटोटी स्थित एक निजी स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ता है। दोनों आपस में मित्र हैं और सोमवार शाम साथ ही घर से निकले थे।

### तलाशी में घर से मिला पत्र

तलाश के दौरान परिजनों को दोनों बच्चों के घरों से एक-एक पत्र भी मिला। पत्र में लिखा गया है कि उनकी तलाश नहीं की जाए। साथ ही दोनों ने आरोप लगाया है कि गांव का एक दुकानदार और उसकी मां उन्हें लगातार परेशान करते थे, जिसके कारण वे घर छोड़कर जा रहे हैं। परिजनों ने इस पत्र का उल्लेख अपनी शिकायत में भी किया है और पुलिस से आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### पुलिस ने जांच शुरू की

पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों किशोरों की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में सूचना भेजी गई है तथा विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से कहा है कि दोनों बच्चों को जल्द से जल्द सकुशल बरामद किया जाए, ताकि परिवार की चिंता दूर हो सके।



नारनौल। मैरिज प्लेस पर सील लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# डीटीपी ने 1 मैरिज प्लेस और 5 दुकानों पर लगाई सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला नगर योजनाकार टीम मंगलवार को नियन्त्रित क्षेत्र में निजामपुर रोड पर राजस्व सम्पदा मौजा अमरपुर जोरासी में लगभग छह अवैध दुकाने व एक अवैध मैरिज प्लेस में सीलिंग की कार्रवाई की। यह पूरी विभागीय कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट सहायक नगर योजनाकार सतेन्द्र कुमार की अगुवाई में पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई।

जिला नगर योजनाकार दिनेश सिंह ने लोगों से कहा है कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा निदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चण्डीगढ़, से लाइसेंस अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसलिए आमजन से बार-बार यही अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें।

इसके अतिरिक्त कोई भी प्लाट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है।

### रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत

**नारनौल।** रेलवे स्टेशन के निकट पटीकरा की ओर मंगलवार सुबह करीब 9 बजे रेलवे ट्रैक पार करते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान गांव नांगल काठा निवासी करीब 25 वर्षीय दीपक यादव के रूप में हुई है। वह शहर स्थित सीएसडी कैंटीन के पास एक दुकान पर कार्य करता था। मंगलवार सुबह वह अपने गांव से काम पर आया था। इसी दौरान किसी कार्य से रेलवे स्टेशन की ओर गया। बताया जा रहा है कि पटीकरा साइड में रेलवे स्टेशन के नजदीक वह सवारी ट्रेन के सामने आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। जीआरपी एएसआई रेखा कौशिक मुताबिक शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। परिजनों के पहुंचने पर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जहां शाम को गांव नांगल काठा में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## लेह-लद्दाख में कनीना के वीर सपूत बीरेंद्र हुए शहीद, आज पहुंचेगा पार्थिव शरीर

**कनीना।** भारतीय सेना में सेवा देते हुए कनीना के एक लाल ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। कनीना के वार्ड नंबर एक निवासी जगमाल के पुत्र एवं आर्मी के वीर जवान बीरेंद्र सिंह जम्मू कश्मीर के लेह-लद्दाख क्षेत्र में मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए हैं। उनकी शहादत की सूचना मिलते ही पूरे कनीना नगर और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। शहीद बीरेंद्र भारतीय सेना का अभिन्न हिस्सा थे और इन दिनों लेह-लद्दाख की कठिन और दुर्गम परिस्थितियों में देश की सरहदों की हिफाजत कर रहे थे। अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए उन्होंने हँसते-हँसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। जेपी लोढ़ा ने बताया कि शहीद जवान का पार्थिव शरीर 22 जुलाई को दोपहर बाद लगभग तीन बजे कनीना पहुंचने की उम्मीद है, उसके बाद पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की जाएगी।

## दिल्ली प्रदर्शन, किसान नेता अजीत यादव नजरबंद



**मंडी अटेली।** सिहमा में मंगलवार सुबह उस समय हलचल मच गई जब भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के जिला अध्यक्ष अजीत यादव को पुलिस ने उनके घर पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया। वह दिल्ली के किसान घाट पर प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रवाना होने वाले थे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के किसानों में नाराजगी और रोष का माहौल देखने को मिला। जानकारी के अनुसार अजीत यादव अन्य किसान संगठनों के साथ मिलकर अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ हो रहे कृषि संबंधी समझौतों के विरोध में दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे थे। उनका आरोप है कि रविवार रात्रि से ही उनके घर के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था और मंगलवार सुबह करीब सात बजे उन्हें घर से बाहर निकलने से रोक दिया गया। अजीत यादव ने कहा कि किसान शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को लेकर किसान घाट पर एकत्रित होने जा रहे थे, लेकिन सरकार ने उन्हें जबरन रोकने का काम किया है। हालांकि दोपहर बाद पुलिस ने उन्हें फैजाबाद चौकी से छोड़ दिया।

## निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होने का लगाया आरोप

# महेंद्रगढ़ में वकीलों का एसडीएम व डीएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन

*आंदोलन तेज करने और कनीना-नारनौल बार से सहयोग लेने की चेतावनी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को सिविल सचिवालय परिसर स्थित एसडीएम और उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप यादव के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया।

प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसडीएम कार्यालय और पुलिस प्रशासन आम लोगों के मामलों में निष्पक्ष एवं न्यायपूर्ण कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उनका कहना था कि पीड़ितों की शिकायतों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे आम नागरिकों का न्याय व्यवस्था से भरोसा कमजोर हो रहा है। इस दौरान वकीलों ने दोनों कार्यालयों के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जताई। बार एसोसिएशन ने घोषणा की कि जब तक पुलिस प्रशासन और एसडीएम कार्यालय आम नागरिकों को निष्पक्ष न्याय का भरोसा नहीं दिलाते, तब तक महेंद्रगढ़ तहसील के तहसीलदार न्यायालय, एसडीएम कोर्ट तथा सभी सिविल अदालतों का बहिष्कार जारी रहेगा।

बार प्रधान संदीप यादव ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इसके लिए कनीना और नारनौल बार एसोसिएशन से भी सहयोग लिया जाएगा, ताकि संयुक्त रूप से आंदोलन को मजबूती मिल सके।



महेंद्रगढ़। एसडीएम कोर्ट के बाहर प्रदर्शन करते वकील। फोटो : हरिभूमि

### चैंबर में पुलिस बुलाई तो 11 हजार जुर्माना

बार एसोसिएशन ने बैठक में एक आंतरिक निर्णय भी लिया। इसके अनुसार यदि कोई अधिवक्ता किसी पुलिस कर्मचारी को अपने चैंबर में बुलाता है तो संबंधित अधिवक्ता पर 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। प्रधान संदीप यादव ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन आम आदमी को न्याय दिलाने में विफल साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिकायतों पर समय पर कार्रवाई नहीं होती और पीड़ितों के साथ पुलिस का रवैया तानाशाहीपूर्ण रहता है। प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



# रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

लाइफ Style



# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ

एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।

हॉलीवुड मसाला




# पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।




# अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है।



# सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी


**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।



# मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया। मिर्जापुर 3 के मेकर्स ने बताया कि असली श्मशान घाट में शूटिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं था। शूटिंग को लेकर वहां के प्रबंधक ने के कड़े नियमों और मर्यादा का पालन करने के लिए मेकर्स को हिदायत दे रखी थी। साथ ही शूटिंग के लिए क्रू को बेहद कम समय की शूटिंग विंडो दी गई थी।

टीवी मसाला



# ऑपरेशन सफेद सागर में सब पर भारी पड़े बरुन, दीया दमदार

**नई दिल्ली।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह मिलिट्री ड्रामा कारगिल युद्ध के दौरान इंडियन एयर फोर्स के सबसे मुश्किल ऑपरेशन्स में से एक पर आधारित है। ओनी सेन के निर्देशन और अभिजीत सिंह परमार व कुशल श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई यह सीरीज इस ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर बेस्ड है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची जैसे कलाकार हैं। जिमी शेरगिल विंग कमांडर बी.एस. धनोआ (जिन्हें टोनी के नाम से भी जाना जाता है) का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की भूमिका में हैं। ट्रेलर में उन्हें तेजी से बढ़ते संघर्ष के बीच दिखाया गया है, क्योंकि स्क्वाड्रन को कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन में मदद करने का काम सौंपा गया है। युवा अधिकारियों में फ्लाइंग ऑफिसर आर.एस. धालीवाल के तौर पर अभय वर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी के तौर पर मिहिर आहूजा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान के तौर पर तारुक रैना और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता के तौर पर अर्णव भसीन शामिल हैं। इस सीरीज में ऑपरेशन को सिर्फ एयरक्राफ्ट और लड़ाई-झगड़े के तमाशे के तौर पर नहीं दिखाया गया है, बल्कि यह स्क्वाड्रन के अंदर लिए गए मुश्किल फैसलों पर भी ध्यान देती है। इसमें दिखाया गया है कि पायलट कैसे डर, जिम्मेदारी और इस संभावना का सामना करते हैं कि हर उड़ान उनकी आखिरी उड़ान हो सकती है।

## दूरदर्शन का सबसे लंबा चलने वाला शो

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन में रामायण, महाभारत और चित्रहार जैसे कई लोकप्रिय कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीता, लेकिन एक शो ऐसा भी है जो इन सबसे पहले शुरू हुआ और आज भी लगातार प्रसारित हो रहा है। इस कार्यक्रम का नाम 'कृषि दर्शन' है. यह भारतीय टेलीविजन के सबसे लंबे समय तक चलने वाले कार्यक्रमों में शामिल है और इसके 16,000 से ज्यादा एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। यही वजह है कि इसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया जा चुका है। कृषि दर्शन की शुरुआत 26 जनवरी 1967 को दूरदर्शन पर हुई थी। शुरुआत में यह कार्यक्रम दिल्ली और उसके आसपास के करीब 80 गांवों के किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीक, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बनाया गया था। समय के साथ इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई और यह देश के सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाले टीवी कार्यक्रमों में शामिल हो गया।



# थलपति विजय की फिल्म का हिंदी में होगा ऐसा हाल

## जन नायकन बनेगी तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली मूवी

**नई दिल्ली।** थलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन हिंदी में 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से भी कम होने वाला है। लियो के केस में लोकेश सिनमैटिक यूनिवर्स की वजह से काफी हाइप था। इसी वजह से फिल्म ने हिंदी में 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं, 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को भी ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला। वहीं 'जन नायकन' की बात करें तो फिल्म क हिंदी वर्जन क ओपनिंग डे पर 1.4 से 1.8 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिल्म थलपति विजय की हिंदी में तीसरी बिगेस्ट ओपनिंग वाली फिल्म बन जाएगी। इस लिस्ट में 'लियो' सबसे आगे है। 'लियो' ने 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। दूसरे नंबर पर 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' है। इस फिल्म ने 2.1 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर 'वरिसु' है। इस फिल्म ने 70 लाख कमाए थे। चौथे नंबर पर 'बीस्ट' है. फिल्म ने 60 लाख की ओपनिंग की थी। पांचवें नंबर पर 'मास्टर' है. फिल्म ने 50 लाख कमाए थे।




# विलेन की अदाकारी करते वक्त मुझसे मत उलझना

**नई दिल्ली।** पर्दे पर गंभीर और चैलेंजिंग किरदारों के लिए पहचान बनाने वाले केके मेनन अभिनय को अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है। 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान एक बातचीत में उन्होंने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की। सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मैं फेक एक्टिंग कर रहा होऊंगा। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। इसलिए, मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझना। क्योंकि, उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरे लिए



बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'

***मैं सब कुछ नहीं जानता :*** रोल चुनने को लेकर केके मेनन का कहना है, 'मैंने रोल इसलिए नहीं छोड़ा कि वह सुरक्षित था। मैंने सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि उसने मेरी दिलचस्पी नहीं जगाई। रोल चुनने का कोई फॉर्मूला नहीं है। जो मुझे पसंद नहीं आता, वही किसी दूसरे अभिनेता को पसंद आ सकता है। इसलिए मैं यह भी नहीं सोचता कि मैं सब जानता हूं। मुझसे भी गलती हो सकती है।'

## टेंशन जरूरी है

करीब तीन दशक के लंबे करियर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने वर्षों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, एसेंशियल टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम नहीं करता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है। हर किसी के भीतर वह थोड़ा-सा टेंशन होना चाहिए, जो आपको अपने पैरों पर खड़ा रखे। बस वह स्ट्रेस नहीं बनना चाहिए।'

## वो सनकी संगीतकार, जिनके जनाजे में शामिल हुए फिल्मी दुनिया के सिर्फ दो लोग

# लता का किया अपमान, किशोर दा को बताया शोर कुमार

**नई दिल्ली।** म्यूजिक की दुनिया में कई ऐसी दिग्गज हस्तियां आई हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक कालजयी गाने बनाए, लेकिन उनकी अपनी पहचान गुमनाम ही रह गई। 5 दशक से अधिक समय तक संगीत जगत में एक अलग पहचान बनाने वाले नामों में एक नाम उस संगीतकार का भी है, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के संगीत को एक नया आयाम दिया। उन्हें न सिर्फ भारतीय सिनेमा में उनके अलग संगीत और 22 हजार से अधिक गानों में मैंडोलिन बजाने के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने सनकी और मूडी स्वभाव के कारण भी वे अक्सर सुर्खियों में रहे। कौन थे वे संगीतकार, जिनकी अंतिम विदाई में सिर्फ दो बॉलीवुड हस्तियां पहुंची थीं और जिन्होंने लता मंगेशकर जैसी दिग्गज गायिका की भी क्लास लगा दी थी?



### क्यों कहा जाता था उन्हें बेबाक और सनकी?

हम बात कर रहे हैं मशहूर संगीतकार सज्जाद हुसैन की। 5 दशक से ज्यादा समय तक संगीत की दुनिया में सक्रिय रहे सज्जाद हिंदी सिनेमा की सबसे विवादित हस्तियों में से एक रहे। उनका गुस्सैल स्वभाव, बेबाक बोल और समझौता न करने की आदत अक्सर उन्हें विवादों में डाल देती थी।

### गीतकार डीएन मधोक से हो गया था झगड़ा

साल 1944 में आई फिल्म 'दोस्त' के शानदार संगीत की सफलता का श्रेय जब निर्देशक शौकत हुसैन रिजवी ने अपनी पत्नी नूरजहां को दिया, तो स्वाभिमानी सज्जाद ने कसम खा ली कि वे अब कभी उनकी पत्नी के लिए गाना कंपोज नहीं करेंगे। वहीं, फिल्म 'सैंया' की रिकॉर्डिंग के दौरान उनका गीतकार डी.एन. मधोक से झगड़ा हो गया था। यही नहीं, एक बार लता मंगेशकर को लेकर की गई उनकी टिप्पणी के कारण दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी।

### 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए

सज्जाद हुसैन के इस बेबाक और कड़वे स्वभाव के कारण धीरे-धीरे लोग उनसे दूर होने लगे। अपने 34 साल के कॅरियर में उन्होंने अपने अड़ियल रवैये की वजह से 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए। लता मंगेशकर ने एक पुराने इंटरव्यू में माना था कि सज्जाद हुसैन के साथ काम करने में घबराहट होती थी, क्योंकि वे बारीकियों पर बहुत ध्यान देते थे और उन्हें जरा भी लाउड गाना पसंद नहीं था।

### दिलीप कुमार से हो गई थी अनबन

सज्जाद हुसैन ने सिर्फ नूरजहां या लता मंगेशकर से ही पंगा नहीं लिया, बल्कि 'संगदिल' की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार से भी उनकी अनबन हो गई। वे अपनी तीखी बयानबाजी के लिए मशहूर थे, उन्होंने तलत महमूद को 'गलत महमूद' और किशोर कुमार को 'शोर कुमार' तक कह दिया था। कहा जाता है कि निर्माता-निर्देशक के. आसिफ से हुए मनमुटाव के कारण ही उनके हाथ से 'मुगल-ए-आजम' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का संगीत निकल गया था।

### उधास-खय्याम पहुंचे थे अंतिम विदाई देने

महान संगीतकार सज्जाद हुसैन का निधन 21 जुलाई 1995 को माहिम स्थित उनके घर पर हुआ। जब उनकी अंतिम यात्रा निकली, तो उनके पांच बेटों और एक बेटी के अलावा पूरी फिल्म इंडस्ट्री से सिर्फ दो लोग मशहूर गायक पंकज उधास और संगीतकार खय्याम ही उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप



### पटीकरा में दिलाई भ्रूण हत्या रोकने की शपथ

**नारनौल।** गांव पटीकरा में गिरते लिंगानुपात की समस्या को देखते हुए जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गांव के सरपंच सत्येन्द्र सिंह ने की। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दीपक शर्मा, शर्मिला व विजय कुमार एमपीएचडब्ल्यू मुख्य रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा आशा वर्कर, गर्भवती महिलाएं, योग्य दंपति व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों व सरपंच ने ग्रामीणों को भ्रूण हत्या रोकने की शपथ दिलाई।

### संस्था के युवा लगातार 6 महीनों से कर रहे गोसेवा

**नारनौल।** युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की नांगल चौधरी टीम ने सामाजिक सेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बाबा मुकुंददास गोशाला में 6 माह से गोसेवा का कार्य कर रहे है। टीम के सदस्यों ने गायों के लिए हरे चारे की व्यवस्था की तथा गोशाला परिसर में साफ सफाई कर श्रमदान किया। इस अवसर पर योगेश सैनी, गोलू, कुलदीप, भवानी, नितिन, मनोज राजपूत, मंजीत, गुल्लू पंडित, हीरालाल, विवेक, अर्पित, अरविंद व वंश सहित अन्य युवाओं ने पूरे समर्पण भाव से श्रमदान किया।

### जिले में शत-प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा

**नारनौल।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास ने मंगलवार को राज्य के सभी उपायुक्तों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि मतदाताओं के पास अपने मतदाता गणना प्रपत्र जमा करवाने के लिए अब केवल दो दिन का समय शेष बचा है। जिले के कुल 749607 मतदाताओं के लिए तैनात सभी 772 बीएलओ शत-प्रतिशत प्रशिक्षित हैं और शत-प्रतिशत प्रपत्रों का वितरण कार्य पूरा किया जा चुका है।

### श्री 1008 शांति दिगंबर जैन मंदिर नलापुर में धर्म सभा

**नारनौल।** श्री 1008 शांति दिगंबर जैन मंदिर नलापुर में धर्म सभा का आयोजन किया गया। प्रवक्ता सुरेन्द्र जैन ने बताया कि मुनि विभोर सागर महाराज, सानंद सागर महाराज, महंत सागर महाराज के प्रवचन दिए। जिन्हें सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।। धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि विभोर सागर महाराज ने कहा कि धन कमाना बुरा नहीं है, लेकिन उसका सदुपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने में स्पष्ट किया कि यदि इस लोक कि धनराशि को परलोक के लिए एक्सचेंज करना चाहते हैं, तो उसे धार्मिक कार्यों में लगाना होगा। मुनि ने कहा कि गलत तरीके से कमाया धन अंततः बीमारी और व्यसनों में नष्ट हो जाता है, जबकि ईमानदारी की कमाई ही कल्याणकारी होती है।

## एडीसी तरुण पावरिया ने ली अधिकारियों की बैठक

# मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान योजना 3093 लाभार्थियों को मिलेगा लाभ

- मौके पर ही फॉर्म भरवाकर दी जाएगी योजनाओं की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान योजना 2.0 के तहत आगामी 26 जुलाई (रविवार) को जिला सभागार में एक दिवसीय अंत्योदय मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले के सफल संचालन और प्रशासनिक तैयारियों को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मुख्यालय से विधानसभा क्षेत्र के 3093 पात्र लाभार्थियों की सूची प्राप्त हुई है। इन्हें सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाना है।



नारनौल। अंत्योदय मेले को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी तरुण कुमार पावरिया। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों को दिए निर्देश

उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि मेले के दिन ही सभी पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी की जा सके। प्रशासन की ओर से मेले में आने वाले नागरिकों के मार्गदर्शन और सहायता के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। इसके तहत विभिन्न महाविद्यालयों के सहायक प्राध्यापकों की काउंसलर के रूप में ड्यूटी लगाई गई है, जो लाभार्थियों को 19 प्रमुख विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी योजनाओं के लिए आवश्यक दस्तावेजों की पूरी जानकारी काउंसलर टीम को पहले ही उपलब्ध करा दें, जिससे आवेदन प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान सभी 19 विभाग अपने स्टॉल लगाकर मौके पर ही लाभार्थियों के आवेदन फॉर्म भरवाएंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने मेले के सफल आयोजन की रूपरेखा साझा की। इस बैठक में तहसीलदार कनीना पायल यादव, इन्वेस्टिगेटर अरुण कुमार, अधीक्षक अरुण चांदना व सतीश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से 182 किसानों का चयन, सब्सिडी पर मिलेंगे कृषि यंत्र

- सरकार कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीकों से जोड़ रही : डॉ. मंगल सेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सरकार कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। किसान इन योजनाओं का फायदा उठाकर अपनी आमदनी बढ़ाएं। यह बात नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने मंगलवार को लघु सचिवालय में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन (एसएमएएम) योजना के तहत कृषि यंत्रों के लिए हुए ऑनलाइन ड्रा के बाद किसानों को संबोधित करते हुए कही। नगराधीश की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक में ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से 370 आवेदनों में से 182 लाभार्थी किसानों का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व में प्राप्त आवेदनों में से रोटावेटर के लिए योग्य पाए गए 332 किसानों में से 163 तथा लेजर लैंड लेवलर के लिए पात्र 38 में से 19 किसानों को अनुदान का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग खेती की लागत घटाने और पैदावार बढ़ाने में बेहद मददगार साबित होगा। नगराधीश ने कहा कि सभी चयनित किसान अपने संबंधित दस्तावेज (वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद प्राप्त रसीद पैन कार्ड चालू बैंक खाता पासबुक जो मेरी फसल मेरा बुरा पर है, लघु व सीमांत किसानों के लिए पटवारी, कानुनगो व तहसीलदार की रिपोर्ट, अनुसूचित जाति के किस का जाति प्रमाण पत्र पंजीकृत ट्रैक्टर की वैध आरसी जो परिवार पहचान पत्र में किसी भी सदस्य के नाम पंजीकृत हो और



नारनौल। ड्रा के बाद किसानों को संबोधित करते नगराधीश डॉ. मंगल सेन।

### किसानों के कृषि यंत्रों का होगा भौतिक सत्यापन

चयनित आवेदकों को सभी संबंधित दस्तावेज जमा करने के बाद 27 जुलाई से ऑनलाइन अनुदान पात्रता प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाएंगे। चयनित किसान 27 जुलाई से 18 अगस्त तक विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध अधिकृत निर्माताओं में से अपनी मनपसंद फर्म डीलर से मोलभाव करके कृषि यंत्र खरीदना सुनिश्चित करें व डीलर के माध्यम से कृषि यंत्र का बिल, इ-वे बिल, किसान का कृषि यंत्र सहित जीपीएस लोकेशन वाला फोटो विभागीय पोर्टल पर 24 अगस्त तक अपलोड करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक बिल सहित सभी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करवाने वाले किसानों के कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डीडीए डॉ. देवेंद्र सिंह, सहायक कृषि अभियंता राजीव पाल, रामसिंह बरवाला, विषय विषेज्ञय सतवीर सिंह चौहान, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सत्यजीत, प्रगतिशील किसान समूह से बबीता स्वयं सहायता समूह से मधु व अन्य किसान मौजूद थे।

# चलो संसद आंदोलन में महिला कांग्रेस की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महिला आरक्षण (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को महेंद्रगढ़ से डॉ. राजवती यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंची।

वहां महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व हरियाणा महिला कांग्रेस अध्यक्ष पर्ल चौधरी के नेतृत्व में आयोजित चलो संसद आंदोलन में पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। डॉ. राजवती यादव ने बताया कि महिलाओं ने संसद की ओर शांतिपूर्ण मार्च करते हुए मांग की कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को बिना किसी देरी के लागू किया जाए, ताकि महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी और उनका संवैधानिक अधिकार मिल सके। डॉ. राजवती यादव ने कहा कि महिलाओं का यह आंदोलन केवल आरक्षण की मांग नहीं, बल्कि समान अधिकार, सम्मान और लोकतांत्रिक भागीदारी की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि देशभर से आई महिलाओं की एकजुटता यह साबित करती है कि अब महिलाएं अपने 33 प्रतिशत संवैधानिक अधिकार के लिए पीछे हटने वाली नहीं हैं। जब तक महिला आरक्षण पूरी तरह लागू नहीं किया जाता, तब तक यह लोकतांत्रिक संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।



नारनौल। आंदोलन में शामिल होने वाली कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता।



### युवा संसद में गूंजा बालिका से सामूहिक दुष्कर्म व मानव तस्करी का मामला

**नारनौल।** स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा के तत्वावधान में एससीईआरटी हरियाणा के निर्देशन व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महेंद्रगढ़ के मार्गदर्शन में आयोजित खण्ड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के दूसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मारोली में लोकतांत्रिक मूल्यों व संसदीय परंपराओं से ओत-प्रोत युवा संसद का प्रभावशाली आयोजन किया गया। पर्यवेक्षक प्रदीप यादव व जितेन्द्र बोहरा ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांसदों, मंत्रियों, विपक्ष के नेताओं व लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका का सशक्त निर्वहन करते हुए संसद की कार्रवाई का अत्यंत जीवंत मंचन किया। राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि आज की युवा संसद में राजस्थान में बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म व उसे बेचने की दर्दनाक घटना पर सदन में गंभीर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त तेजी से बढ़ते साइबर अपराध, डिजिटल सुरक्षा व साइबर जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, पौधरोपण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण जैसे विषयों पर भी सार्थक बहस हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य राजकुमार ने किया।

## न्यूज डायरी



### श्रीकृष्णा स्कूल में उत्साह से मनाया गया 'येलो कलर डे'

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल की जूनियर विंग में एलकेजी से प्रथम कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 'येलो कलर डे' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव, विशिष्ट अतिथि सीईओ कर्मवीर राव व डॉ. कविता राव तथा अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश ने की। कार्यक्रम के दौरान पूरा स्कूल परिसर पीले रंग के गुब्बारों और सजावट से आकर्षक नजर आया। नन्हे-मुन्ने बच्चे पीले रंग के परिधानों में स्कूल पहुंचे और आम, केला, पपीता, ढोकला जैसे पीले व्यंजन भी साथ लेकर आए। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### सीएल स्कूल में हुई शतरंज प्रतियोगिता



**नारनौल।** हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में छात्रों की मानसिक सर्तकता, रणनीति और एकाग्रता को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक इंटर हाउस चेस (शतरंज) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चारों प्रमुख हाउसों (रेड, ब्लू, येलो व ग्रीन) के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दिनभर चले कड़े मुकाबलों के बाद रेड हाउस से वायु, जयसी, तन्मय, हृदयांश, जयेश, दिग्वी, विहान, यशवर्धन, येलो हाउस से हर्ष, भावेश, तकक्षीत, कनीका, कृतिका, हार्दिक, गगन, प्रियांश, अंक्षाश, ग्रीन हाउस से पार्थ, तन्वी, आरूषी, भावना, भाविक, निशांत, मौलिक, देवश, उर्वी, शनाया चेष्टा, ब्लू हाउस से नितिश व आयुष विजयी रहे। समापन समारोह में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### विद्या भारती स्कूल की कशिश ने पाई पीट में सफलता



**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल खेतड़ी रोड निजामपुर के छात्रा कशिश गोयल पुत्री आनंद गोयल निवासी बसई ने नीट यूजी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय, परिवार तथा पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। कशिश की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। चेयरमैन डॉ. एडवोकेट राजकुमार यादव व चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने कशिश गोयल को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत व निरंतर प्रयासों का परिणाम है। कशिश गोयल ने यह साबित कर दिया है कि सही समर्पण के साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य अजीत सिंह ने कहा कि कशिश गोयल शुरू से ही एक मेधावी छात्रा रही है। उपप्रचार्य प्रवीण कुमार ने कशिश गोयल व उसके परिवार को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशिका डॉ. रविन्द्रा यादव ने भी कशिश गोयल को बधाई दी।

# खुड़ाना में मनाई चक्रवर्ती सम्राट अनंगपाल की जयंती

- अतरलाल ने गणमान्यों के साथ महाराजा अनंगपाल तोमर चौक पर पुष्प अर्पित कर उनके कार्यों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव खुड़ाना में दिल्ली संस्थापक चक्रवर्ती सम्राट अनंगपाल तोमर की जयंती श्रद्धा से मनाई गई। मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी नेताजी अतरलाल ने समाज के गणमान्यों के साथ महाराजा अनंगपाल तोमर चौक पर पुष्प अर्पित कर उनके कार्यों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता मोती सिंह तंवर ने की। कार्यक्रम का संचालन सरपंच प्रतिनिधि डॉ. नरेश तंवर ने किया। अतरलाल ने कहा कि महाराजा अनंगपाल न्यायप्रिय और प्रजापालक शासक थे। उन्होंने ऐसे महान सम्राट की जयंती मनाने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जयंती मनाने से समाज में जागृति आती है। समाज को अपने महापुरुषों के व्यक्तित्व तथा कृतित्व का बोध होता है। सरपंच देशराज फौजी, लीलूसिंह प्रधान, मोतीसिंह, कप्तान गुलाब सिंह, मोनू तंवर ने उनके जनकल्याण के कार्यों का वर्णन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक किले, मन्दिर, तालाब, बावड़ी तथा कुएं बनवाए। उन्होंने सरकार से खुड़ाना चौक पर सम्राट अनंगपाल की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। इस दौरान राजपूत धर्मशाला से महाराजा अनंगपाल तोमर चौक तक कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा निकाली।



नारनौल। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि अतरलाल। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कप्तान भीमसिंह, अतरसिंह कैमला, रणसिंह खेड़ी तलवाना, नम्बरदार राजेन्द्र सिंह, डॉ. मुकेश तंवर, करतार पाथेड़ा, ओमसिंह, कप्तान गुलाब सिंह, गोविंद सिंह, डॉ. नरेश सिंह, मोतीसिंह तंवर, मोनू तंवर, अमित बीडीसी, कृष्ण सिंह, मन्नुसिंह, भूपसिंह, हीरालाल, पप्पु, प्रमोद तंवर, सुरेन्द्र सिंह, अशोक सिंह पंच, बिजेन्द्र सिंह, कुल्लू सिंह, धीरज शर्मा, वेदसिंह, दमन तंवर, अक्षय तंवर, बेगसिंह आदि मौजूद थे।

### दुष्यंत चौटाला की बूथ कार्यकर्ता बैठक 25 को

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार खातोद ने बताया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला 25 जुलाई को प्रातः 11 बजे जाट धर्मशाला नागल चौधरी में आयोजित बीएलए-2 की बैठक को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में नागल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलए-2, बूथ प्रभारी, जोन प्रभारी तथा पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। आगामी चुनावों को देखते हुए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने और चुनावी तैयारियों को गति देने के उद्देश्य से इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है। राजकुमार खातोद ने कहा कि दुष्यंत चौटाला बैठक के दौरान प्रत्येक बूथ की स्थिति की समीक्षा करेंगे तथा कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति, मतदाता संपर्क अभियान और संगठन विस्तार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। जिला प्रवक्ता विजय छीलरो ने बताया कि हल्का प्रधान प्रमोद ताखर, विनोद भील, बीएलए-2 प्रभारी अधिवक्ता विजयपाल तथा उनकी पूरी टीम क्षेत्र के गांव-गांव जाकर बीएलए-2 का गठन कर रही है।

### ब्लॉक स्तरीय खेलों में विजय इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन




**महेंद्रगढ़।** हरियाणा सरकार की ओर से आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विजय इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय सचिव महेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र रोहित पुत्र सुखबीर ने 400 मीटर दौड़ तथा जतिन पुत्र महेंद्र ने शॉटपुट स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। विजेता खिलाड़ियों के विद्यालय पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया और विद्यालय प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। प्राचार्य नत्थू सिंह ने खिलाड़ियों के साथ कोच राकेश कुमार, सोनू यादव और पप्पू अहलावत को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और अनुशासन से ही खिलाड़ी नई ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं। चेयरमैन विजय यादव (टूमना) ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी समान महत्व देता है। इस अवसर पर उप-प्राचार्य अशोक कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भारत निर्माण युवा दल हरियाणा ने जिले में चलाया नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत निर्माण युवा दल हरियाणा की जिला इकाई की ओर से जिले के विभिन्न गांवों एवं नारनौल शहर में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। अभियान के अंतर्गत गांव सुराणी, नोरंगपुरा, नारनौल शहर के धोबी जोहड़, नसीबपुर, कैलाश नगर, राजपुरा व कुंजपुरा में जनसंपर्क कर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इस दौरान युवाओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों को नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। सभी से नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग की अपील की गई।



नारनौल। जनजागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक करते हुए।

### समाज को नशा मुक्त बनाने का आह्वान

अभियान का नेतृत्व संस्था के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम के ओएसडी रहे अभिमन्यु यादव के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवा पीढ़ी को नशे से बचाकर ही एक स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का खतरा तीन डी लाता है। पहला डी अंधकार है, दूसरा डी विनाश है और तीसरा डी तबाही है। सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से मादक पदार्थों पर निर्भर व्यक्तियों की रोकथाम संबंधी शिक्षा, जागरूकता, पहचान, परामर्श, उपचार, पुनर्वास, प्रशिक्षण और सेवा प्रदाताओं की क्षमता निर्माण पर केंद्रित है। भारत निर्माण युवा दल हरियाणा ने सभी नागरिकों, ग्राम पंचायतों, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं से आह्वान किया कि वे नशा मुक्ति अभियान से जुड़कर समाज को नशा मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें।

### बसपा की समीक्षा बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की जिला महेंद्रगढ़ इकाई की ओर से शनिवार को मालवीय नगर स्थित अंबेडकर भवन में जिला स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान में तेजी लाने तथा पार्टी की नीतियों को गांव-गांव और शहर के प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी एडवोकेट नेतराम और महेंद्र सिंह जाजोरिया उपस्थित रहे, जबकि लोकसभा जोन प्रभारी प्रमोद वालिया तथा अटेली विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी एडवोकेट अतरलाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### सार्वजनिक सूचना

मैं नरोतम पुत्र रामजीलाल वासी ग्राम खासपुर तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कुलदीप व पुत्रवधु मोनिका मेरे कहे अनुसार नहीं चलते हैं और अपनी मनमानी करते हैं। इसलिए मैं उसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## हरियाणा लोक निर्माण विभाग पर कार्य में बड़े पैमाने पर मानकों की अनदेखी करने का आरोप

# खुड़ाना में सड़क निर्माण में गड़बड़ी की सीएम विंडो पर शिकायत, शुरू हुई जांच

*निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप बीडीपीओ ने सरपंच व ग्राम सचिव से मांगी रिपोर्ट*

■ सड़क के जल्दी क्षतिग्रस्त होने का अंदेशा, बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

खंड के गांव खुड़ाना में निर्माणाधीन गलियों की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गांव निवासी पवन कुमार ने मुख्यमंत्री विंडो पर शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया है कि करीब दो लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही गलियों में निर्धारित मानकों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा। शिकायत के बाद प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि सड़क निर्माण में निम्न गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे कार्य की मजबूती और गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य हरियाणा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं


महेंद्रगढ़। निर्माणाधीन गली।

किया जा रहा, जिससे भविष्य में सड़क के जल्दी क्षतिग्रस्त होने की आशंका है और ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। पवन कुमार ने मुख्यमंत्री विंडो के अलावा एसडीएम महेंद्रगढ़ तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को भी शिकायत भेजकर पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने और आवश्यक होने पर विजिलेंस जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और संबंधित एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग भी की है।

### सरपंच एवं ग्राम सचिव को नोटिस जारी

शिकायत पर संज्ञान लेते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) महेंद्रगढ़ ने ग्राम पंचायत खुड़ाना के सरपंच और ग्राम सचिव को नोटिस जारी किया है। नोटिस में शिकायत के प्रत्येक बिंदु की नियमानुसार जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शिकायतकर्ता को भी संबंधित साक्ष्यों के साथ खंड कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया था।

### जांच के बाद होगी स्थिति स्पष्ट

प्रशासनिक स्तर पर शुरू हुई जांच के बाद अब निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी आरोपों की तकनीकी जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही यह स्पष्ट होगा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हुआ है या नहीं। यदि जांच में शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, प्रशासन का कहना है कि निष्पक्ष जांच के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।



## किसानों को बेसब्री से था इंतजार, फसलें लगी थीं सूखने

# मेहरबान हुआ रूठा मानसून आखिर बरसी राहत की बारिश


कनीना। रेवाड़ी रोड पर बारिश के बाद जलभराव के कारण तालाब जैसी बनी सड़क। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार जिले में मानसून मेहरबान हुआ और मंगलवार को हुई झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी और उमस से लोगों को बड़ी राहत दी। पिछले कई दिनों से लोग बारिश का इंतजार कर रहे थे। बारिश होने से जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं किसानों के चेहरों पर भी खुशी लौट आई, क्योंकि फसलों के लिए यह बारिश बेहद लाभदायक मानी जा रही है। मंगलवार को नारनौल में 45.0 एमएम, महेंद्रगढ़ 38.0, कनीना 28.0, अटेली 35.0, नांगल चौधरी

■ नारनौल में रिकॉर्ड की गई 45 मिलीमीटर बारिश

38.0 व सतनाली में 34.0 एमएम बारिश दर्ज की गई।

हालांकि लगातार हुई बारिश का दूसरा पहलू भी सामने आया। शहर के कई निचले इलाकों और मुख्य मार्गों पर पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर जल निकासी की रफ्तार धीमी रहने के कारण सड़कें तालाब जैसी दिखाई दीं। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जबकि बाजार क्षेत्रों में भी पानी भरने से व्यापारिक गतिविधियां कुछ समय के लिए प्रभावित रहीं। बारिश के दौरान शहर के सैन चौक, मसानी माता का जोहड़, रेवाड़ी रोड, बस स्टैंड, पार्क गली, मोड़ावाला मंदिर के पीछे तथा छलक नाला जैसे क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति देखने को मिली। इन इलाकों में पानी जमा होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई। स्थानीय लोगों ने समय पर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई।

### महीने के अंत तक लगातार बारिश की संभावना

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 22-30 जुलाई के दौरान कभी उत्तरी व पूर्वी जिलों में कभी मध्यवर्ती तथा दक्षिणी जिलों में, तो कभी पश्चिमी जिलों में लगातार मानसून गतिविधियां देखने को मिलेगी। कुल मिलाकर जुलाई महीने के अंतिम दिनों तक हरियाणा एनसीआर दिल्ली में लगातार मानसून टर्फ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में लगातार बारिश की गतिविधियों की सम्भावना बन रही है।

### जलभराव से यातायात प्रभावित अव्यवस्थआ को लेकर लोगों में रोष

कनीना। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जहां भीषण गर्मी और उमस से राहत दिलाई है, वहीं कनीना में जलभराव की गंभीर समस्या भी खड़ी कर दी है। पिछले 24 घंटे में करीब 50 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक प्रभावित रेवाड़ी रोड रहा, जहां घुटनों तक पानी भर जाने से स्टेट हाईवे तालाब जैसा नजर आया। जल निकासी व्यवस्था ठप होने के कारण दोपहिया और छोटे वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए तथा राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने कहा कि पालिका की ओर से मानसून से पहले जोहड़ों और नालों की सफाई कराई जा चुकी है, जोहड़ पर ऑटोमेटिक मोटर भी लगाई गई है। सीवरेज सिस्टम की सफाई नहीं होने के कारण जलभराव की समस्या बढ़ी है।

### सड़कों पर जलभराव से खुली नगर पालिका के दावों की पोल



मंडी अटेली। क्षेत्र में सुबह से हुई भारी बरसात ने आम जनजीवन को पूरी तरह से थाम कर रख दिया है। लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के मुख्य मार्गों व चौराहों पर एक से दो फीट तक पानी भर गया। जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते मॉडल संस्कृति स्कूल, पुरानी मंडी गेट, राधा कृष्ण मंदिर रोड, रेलवे अंडरपास और नए बस स्टैंड के पास जलभराव की गंभीर स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मानसून से निपटने के नगर पालिका के सभी दावे कागजी साबित हुए हैं।

### नप चेयरपर्सन ने दिए जल निकासी के निर्देश

नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने लगातार बारिश के बीच शहर के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने सैन चौक, मसानी माता का जोहड़, रेवाड़ी रोड, बस स्टैंड, पार्क गली, मोड़ावाला मंदिर के पीछे तथा छलक नाले का दौरा कर जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर मौजूद सफाई सुपरवाइजरों और अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी जल निकासी पॉइंट्स की तत्काल सफाई कर पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और जलभराव की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

## न्यूज डायरी



### डीसी ने किया जल महल का निरीक्षण जल्द पानी भरवाने के दिए निर्देश

नारनौल। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने ऐतिहासिक जल महल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को जल महल के सौंदर्यकरण और रखरखाव के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने सिंचाई विभाग के एसई अमित कुमार रघुवंशी को प्राथमिकता के आधार पर जल महल में जल्द से जल्द पानी भरवाने के निर्देश दिए, ताकि इसके प्राकृतिक और ऐतिहासिक स्वरूप को बहाल किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने पूरे परिसर में नियमित और उचित साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। हरियाणा सरकार का उद्देश्य है कि जल महल जैसे प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को बेहतर बनाकर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर जिले की पहचान और मजबूत हो सके। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया, एसडीएम अनिरुद्ध यादव के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### कुलपति टंकेशवर कुमार का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ा



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के कार्यकाल में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने एक वर्ष का विस्तार किया है। साथ ही उन्हें हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। दोनों निर्णयों से विश्वविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि भारत की राष्ट्रपति एवं विश्वविद्यालय की विजिटर ने केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम-2009 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रो. टंकेशवर कुमार का कार्यकाल 28 जुलाई 2026 से एक वर्ष अथवा नए कुलपति की नियुक्ति या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने 20 जुलाई को आदेश जारी किए हैं।



### तीसरी बार निर्विरोध मनोनयन होने पर मुकेश कुमार चौहान का हुआ अभिनंदन

महेंद्रगढ़। एमपीएचई एसोसिएशन हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मुकेश कुमार चौहान के लगातार तीसरी बार निर्विरोध मनोनयन पर यादव धर्मशाला में नागरिक अभिनंदन समारोह हुआ। कार्यक्रम का संचालन एमपीएचई एसोसिएशन के पूर्व जिला प्रधान रणबीर सिंह तथा सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व जिला प्रधान एवं हेमसा के प्रदेश प्रेस प्रवक्ता सुजान मालड़ा ने संयुक्त रूप से किया। जिला प्रधान धर्मवीर सिंह और पूर्व जिला प्रधान अनिल रसूलपूरिया ने कहा कि मुकेश चौहान के नेतृत्व में कर्मचारियों के हितों की आवाज पहले से अधिक मजबूती के साथ उठेगी और संगठन और अधिक सशक्त होगा। समारोह में यादव महासभा के उपाध्यक्ष अनिल भगड़ानिया, यादव सभा महेंद्रगढ़ के प्रधान एडवोकेट अभय राम, संजय राव रिवासा, किसान सभा के प्रधान मास्टर धर्मेंद्र यादव, रणसिंह मालड़ा, ऋषिराज आर्य, बलजीत यादव, विजय जोरासी, मुकेश यादव, देवेंद्र, धर्मेंद्र बोहरा, सुधीर कुमार, गोपीचंद, नित्यानंद, सतबीर सिंह, राकेश चौपड़ा, दीपक राव, संदीप यादव, अनिल सिसोठिया, धर्मवीर सिंह, सूरत सिंह, हनुमान सिसोठ, अरविंद मोहन उर्फ सोनू यादव, जेपी बचीनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### सलीमपुर में बंद घर से लाखों का सामान चोरी

मंडी अटेली। सलीमपुर में चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए नगदी और सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार सलीमपुर निवासी रविंद्र पुत्र जगदीश अपने परिवार सहित रेवाड़ी में रहते हैं जबकि उनका बेटा जैनाबाद डहिना में रेलवे में स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत है। घर बंद होने के कारण चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी कब हुई इसका सटीक समय अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पीड़ित परिवार के अनुसार चोर करीब 58 हजार रुपये की नगदी, लगभग ढाई किलो चांदी तथा सोने के आभूषण जिनमें अंगूठी, टापस और झूमकी शामिल हैं।

# स्नातक प्रथम वर्ष की पहली मेरिट सूची आज होगी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा स्नातक (यूजी) प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 21 जुलाई को प्रथम प्रोविजनल (अस्थायी) मेरिट सूची जारी कर दी गई है। इस सूची पर प्राप्त आपत्तियों एवं आवश्यक संशोधनों के निस्तारण के बाद 22 जुलाई को प्रथम अंतिम (फाइनल) मेरिट सूची जारी की जाएगी। विद्यार्थियों को इसी अंतिम मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इस संबंध में राजकीय महाविद्यालय के प्रवेश प्रभारी डॉ. सतीश सैनी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का नाम 22 जुलाई को जारी होने वाली अंतिम पहली मेरिट सूची में होगा, उन्हें 23 जुलाई से 27 जुलाई 2026 तक निर्धारित अवधि में ऑनलाइन फीस जमा कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर फीस जमा नहीं करने पर संबंधित सीट अगले चरण के लिए रिक्त मानी जा सकती है। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन संचालित की जा रही है। इसलिए विद्यार्थियों को अपने लॉगिन पोर्टल पर नियमित रूप से मेरिट सूची, प्रवेश आवंटन तथा अन्य आवश्यक सूचनाएं देखते रहना चाहिए।

### दूसरी प्रोविजनल मेरिट सूची 28 को होगी जारी



डॉ. सतीश सैनी ने बताया कि प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद 28 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की जाएगी। इस पर प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के बाद 29 जुलाई को दूसरी अंतिम मेरिट सूची प्रकाशित होगी। दूसरी मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थियों को 30 जुलाई से 3 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन फीस जमा कर प्रवेश लेना होगा। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों का नाम पहली अंतिम मेरिट सूची में नहीं आता है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। वे दूसरी मेरिट सूची का इंतजार करें और अपने प्रवेश पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट देखते रहें। साथ ही विद्यार्थियों से अपील की कि वे केवल उच्चतर शिक्षा विभाग एवं महाविद्यालय द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की सीजेएम ने की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरपर्सन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. रितु वाईके बहल के दिशा-निर्देशानुसार, डीएलएसए सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने एडीआर सेंटर में राष्ट्रीय लोक अदालत व आमजन को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए पैनल अधिवक्ताओं तथा पैरा लीगल वालंटियर्स की बैठक ली। बैठक के दौरान सचिव नीलम कुमारी ने 12 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि तीन अक्टूबर को चेक बाउंस से जुड़े मामलों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर कानूनी जागरूकता कैंप आयोजित किए जाएंगे। पोक्सो अधिनियम, बच्चों के अधिकारों और महिलाओं से संबंधित कानूनी सुरक्षा उपायों के बारे में जन-जन तक जानकारी पहुंचाने पर विशेष बल दिया।

### बैठक में संगठन की मजबूती पर किया मंथन

नारनौल। भाजपा की ओर से जिले के सभी 183 शक्ति केंद्रों पर बैठकों का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव के नेतृत्व में आयोजित बैठकों में कार्यकर्ता घरों से टिफिन लेकर पहुंचे तथा सामूहिक भोजन के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। बैठकों में संबंधित शक्ति केंद्रों के शक्ति केंद्र प्रमुख व सह-प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, बीएलए-दो, प्रदेश व जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा शक्ति केंद्र क्षेत्र में निवास करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक शक्ति उसके बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने बताया कि बैठकों में विशेष रूप से कार्यकर्ताओं की डिजिटल ट्रेनिंग, संगठन के विस्तार तथा बूथ स्तर पर प्रभावी समन्वय को लेकर चर्चा की गई।

### छात्र-युवा आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई की सर्व कर्मचारी संघ ने की निंदा

नारनौल। सर्व कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने नई दिल्ली में प्रश्नपत्र लीक, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-युवाओं पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। नगर परिषद सफाई यूनियन के जिला प्रधान राहुल सारवान ने कहा कि सरकार ने जितनी ताकत छात्र-युवा आंदोलन को दबाने में लगाई, यदि उसका दसवां हिस्सा भी प्रश्नपत्र लीक रोकने और दोषियों को पकड़ने में लगाया होता तो न समस्या पैदा होती और न ही युवाओं को सड़कों पर उतरना पड़ता। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल यादव, जिला सचिव राहुल सारवान, कोषाध्यक्ष योगेंद्र, वरिष्ठ उपप्रधान अमीलाल कसाना, सहसचिव वैभव, उपप्रधान महावीर सिंह, महिला प्रधान शीला देवी, संगठन सचिव नीरज कुमार, ऑडिटर धर्मवीर सिंह और प्रचार सचिव यादवेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े मुद्दे पूरे समाज के भविष्य से जुड़े हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**कार्यक्रम** नारनौल में 9 अगस्त को होगी दौड़, सीएम नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि

# हरियाणा उदय अभियान: हाफ मैराथन को लेकर अब तक 31 हजार पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सामुदायिक पुलिसिंग व आउटरीच कार्यक्रम के तहत आगामी नौ अगस्त को शहर में होने वाली हाफ मैराथन को लेकर उपायुक्त अनुपमा अंजली ने मंगलवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। डीसी ने कहा कि हरियाणा उदय अभियान को सफल बनाने और मुख्यमंत्री के जनभागीदारी संकल्प के अनुरूप इसमें आम पब्लिक की ज्यादा से ज्यादा हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस हाफ मैराथन को लेकर नागरिकों में पूरा जोश है। अभी तक 31 हजार से अधिक नागरिकों ने इसके लिए पंजीकरण करवाया है। डीसी ने कहा कि इस आयोजन को पूरी सादगी और अनुशासन के साथ एक बड़े जन-आंदोलन का रूप दिया जाएगा।


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती डीसी अनुपमा अंजली। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य इस पूरे कार्यक्रम को आम नागरिकों से जोड़ना है। इस मैराथन को पूरी तरह से जनता का अपना कार्यक्रम बनाया जाएगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाफ मैराथन रूट की सड़कों की समय पर मरम्मत, सफाई व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, रूट पर पेयजल व चिकित्सा सहायता केंद्रों की स्थापना और एम्बुलेंस की तैनाती जैसे सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को इससे जोड़ा जा रहा है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय स्कूलों, कॉलेजों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, सामाजिक संस्थाओं व रनर्स क्लबों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित किया जाए, ताकि युवाओं और आम जनता की उपस्थिति ऐतिहासिक हो।

### ये रहे मौजूद

एडीसी तरुण कुमार पावरिया, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, एसडीएम महेंद्रगढ़ योगेश सैनी, डीएमसी रणवीर सिंह, सचिव आरटीए मनोज कुमार, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी भारत भूषण के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### पंजीकरण के लिए डिजिटल लिंक व क्यूआर कोड जारी

आम नागरिकों की सुविधा व मैराथन में पंजीकरण को सुगम बनाने के लिए प्रशासन की ओर से डिजिटल लिंक व क्यूआर कोड जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस लिंक पर क्लिक करके या क्यूआर कोड को स्कैन करके घर बैठे अपना पंजीकरण आसानी से करवा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों, युवाओं और प्रबुद्धजनों से अपील की है कि वे इस मैराथन में बढ़-चढ़कर भाग लें और मुख्यमंत्री की उपस्थिति में होने वाले इस गरिमामयी कार्यक्रम में अपनी सक्रिय जनभागीदारी दर्ज कराएं। मैराथन पंजीकरण के लिए लिंक: बनाया गया है। इसी प्रकार जिला महेंद्रगढ़ की ऑफिशल वेबसाइट पर क्यूआर कोड स्कैन करके भी नागरिक सीधे अपना पंजीकरण कर सकते हैं। बैठक में बीजेपी के जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने आश्वासन दिया कि उनके संगठन की ओर से इसमें हजारों नागरिकों की भागीदारी रहेगी।

### बारिश के कारण खेलकूद प्रतियोगिता में बदलाव

कनीना। क्षेत्र में रूक-रूककर हो रही बारिश का असर खेल आयोजन पर पड़ा है। एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककराला में 20 जुलाई से शुरू हुई चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बारिश होने पर फेरबदल किया गया है। बरसाती मौसम व खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खेल आयोजन समिति ने तत्काल प्रभाव से यह निर्णय लिया है। विद्यालय चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि आयोजन समिति के अनुसार 21 जुलाई को प्रस्तावित बालक वर्ग की सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं बारिश के कारण स्थगित कर दी गई हैं। यह प्रतियोगिता अब 23 जुलाई को होगी। वहीं बालिका वर्ग की खिलाड़ियों के लिए राहत की बात यह है कि उनके कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही 22 जुलाई से होगी।